पैब्लो पिकासो

इबी लेप्स्की, चित्र : पाओलो कार्डोनी



पल्बितो एक छोटा लड़का था जो बड़ा मूडी था. उसका मिजाज मौसम की तरह अचानक बदल जाता था. कभी-कभी वो धूप की तरह हंसमुख और प्यारा होता. पर कई बार उसका स्वभाव बुरा और गुस्सैल होता था. उसकी माँ उससे बहुत प्यार करती थीं, लेकिन वो अपने बेटे को समझती नहीं थीं.

एक बात जो उन्हें बिल्कुल समझ में नहीं आती थी वो थी चीजों के बारे में पल्बितो की भावना. पल्बितो बड़ी सावधानी से सूखी पत्तियां, समुद्र की सीपियां, कंकड़, आड़ू के गुठलियां, और चेरी के डंठल जैसी चीज़ें एकत्र करता था. लेकिन वो उन सभी अद्भुत और महंगे खिलौनों को पूरी तरह नजरअंदाज करता था जो उसे बड़े प्रेम से दिए जाते थे.

एक दिन एक समुद्री सीप पल्बितो से गिरकर टूट गई. दुखी होकर पल्बितो ने भयानक रूप से गुस्सा किया.

"तुम्हारे पास अनेकों सीपियां हैं जो बिल्कुल टूटी हुई सीपी जैसी ही हैं," माँ ने यह कहकर उसे सांत्वना दिलाने की कोशिश की.

लेकिन पल्बितो को उससे कोई आराम नहीं मिला. उसने खोज निकाला था कि जो चीजें एकदम समान दिखती हैं, वास्तव में उनमें छोटे-छोटे अंतर होते हैं. एक समुद्री सीपी हमेशा दूसरी सीपी से अलग होती है. एक पत्ता, हमेशा हर दूसरे पत्ते से अलग होता है. एक आड़ू की गुठली किसी भी अन्य आड़ू की गुठली जैसी नहीं होती है.

युवा पल्बितो ने यह पता लगाया कि प्रकृति कभी भी खुद को दोहराती नहीं है. लेकिन यह कहने का उसका मन नहीं करा. उसने इस बात को अपने अंदर ही रखा, पर बाहर से वो रोता और चिल्लाता ही रहा.

लेकिन एक रविवार की सुबह, जब माँ उसे चर्च जाने के लिए तैयार कर रही थीं तो पल्बितो ने कुछ भयानक किया.

उसने अपनी छोटी बहन को एक अंडे की जर्दी से पेन्ट किया, जिससे वो एक अजीब सी जोकर दिखने लगी. उसने अपनी बहन के गालों पर दो बड़े गोल पीले धब्बे, और आँखों के चारों ओर दो पीले घेरे और नाक पर एक पीला धब्बा बनाया. उसने बहन के बालों पर अंडे की जर्दी से लकीरें बनाईं और उसके सुन्दर गुलाबी रंग के फ्रॉक पर भी अंडे की जर्दी से धारियां बनायीं.

शुरुआत में तो बहन को वो सब एक खेल लगा. लेकिन जब बहन ने खुद को आईने में देखा तो उसे अपना चेहरा एक राक्षस जैसा दिखाई दिया. उसकी सुन्दर पोशाक भी बर्बाद हो गई थी. फिर वो फूट-फूट कर रो पड़ी.

माँ को जैसे ही इस बात का पता चला तब उन्होंने भी रोना शुरू कर दिया. वो एक सुन्दर लेस वाले रूमाल में सुबक-सुबक कर रोईं और उन्होंने कहा, "अब बहुत हो गया! पल्बितो अब तुम्हारे पिता तुम्हें ठिकाने लगाएंगे!"